आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**31 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सम्पूर्ण नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में किया़ नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण। रक्षा मंत्री ने कहा– डिफेंस कॉरिडोर के जरिए रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बना रहा है प्रदेश।
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ग्रेटर नोएडा में स्टार्टअप लोहुम का किया दौरा। कहा–लिथियम आयन बैटरी और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों तथा उन्नत सामाग्रियों का उत्पादन कर रहा लोहुम।
- प्रदेश भर में आज आयोजित होगी उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा। हाईटेक कमाण्ड कंट्रोल रूम के जरिए होगी परीक्षा केंद्रों की निगरानी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ के सीजी सिटी में नौ करोड़ रुपए की लागत से 2 एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव का प्रतीक बन रहा है। श्री सिंह ने कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका केवल बनावट का नमूना भर नहीं है यह सबको सेनाओं के संघर्ष और योगदान को स्मरण कराएगी। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर की अहम भूमिका है।

***हमने यहां पर लखनऊ में डीआरडीओ की प्रयोगशालाएं भी प्रारंभ की है। डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश भारत के रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बना रहा है और यहां लखनऊ में ब्रह्मोस का भी निर्माण हो रहा है और भी कई तरह से उत्तर प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत कर रहा है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सैनिकों की वजह से 140 करोड़ भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन–कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण के संकल्प से जुड़कर विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकती है।

***देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की जिस संकल्पना को हमारे सामने रखा है, उसमें उन्होंने हर भारतवासी से कहा कि विकसित भारत के लिए हर नागरिक को पंच प्रण के साथ जुड़ना पड़ेगा। वह जो पंच प्रण है, उनमें से जो सबसे महत्वपूर्ण है, अपनी सेना के प्रति और यूनिफॉर्म धारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हमारे मन में हो।***

भारतीय नौसेना और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित यह परियोजना अत्याधुनिक ओपन एयर म्यूजियम एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर के रूप में तैयार की गई है। नौसेना शौर्य वाटिका में भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त युद्धपोत आईएनएस गोमती को स्थापित किया गया है।

**********

उर्वरकों के संतुलित और उचित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महीने का **खेत बचाओ अभियान** कल से शुरू होगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खेतों, किसानों और गांवों को जोड़ते हुए इस अभियान को राष्ट्रीय अभियान बनाया जाना चाहिए। नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य ध्यान उर्वरकों का संतुलित और उचित प्रयोग, मौसम की चुनौतियों के मद्देनजर किसानों को समय पर परामर्श, पंचायत स्तर पर किसानों की भागीदारी तथा गांवों को सीधे योजनाओं के लाभ पर केंद्रित होना चाहिए।

**********

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में सीपीग्राम्स के लिए एआई–सक्षम वॉयस चैटबॉट '**समाधान दीदी**' का शुभारंभ किया। यह चैटबॉट लोगों को संवादात्मक इंटरफेस के माध्यम से लोक शिकायतें दर्ज कराने में सक्षम बनाता है। डॉ. सिंह ने समाधान दीदी को सरकार की शिकायत निवारण प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**********

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौदियोगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में स्टार्टअप लोहुम का दौरा किया। श्री वैष्णव ने कहा कि लोहुम लिथियम–आयन बैटरी और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों तथा उन्नत सामग्रियों का उत्पादन कर रहा है।

***एक यंग स्टार्टअप लोहुम इन्होंने कंप्लीट टेक्नोलॉजी को डेवलप किया है और टेक्नोलॉजी को डेवलप करने के बाद में वहां से प्रोडक्शन का लेवल लेके आये हैं। उस प्लांट को देखने का मौका मिला। लीथियम कोर्बोनेट बनाने की मशीने जो कि आगे सीधा बैटरी बनाने में काम में आये और परमानेंट मैगनेट बनाने की मशीने जो कि एक बहुत ही अच्छे, बहुत ही कॉम्प्लेक्स टेक्नोलॉजी को अच्छे तरीके से डेवलप किया।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 05 जून से 21 जून तक विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को समर्पित व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एक रिपोर्ट....

***अभियान के तहत 05 जून से 21 जून के बीच प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 10 किलोमीटर की 'प्रगतिपथ यात्रा' आयोजित की जाएगी। 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण और 08 जून से 14 जून तक जनसंपर्क अभियान, संवाद कार्यक्रम और पैदल मार्च आयोजित किए जाएंगे। 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम होंगे। 14 से 16 जून के बीच जनकल्याण मेलों का आयोजन होगा वहीं 16 और 17 जून को जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। 18 एवं 19 जून को केंद्र सरकार की 12 वर्षों की विकास यात्रा तथा विकसित भारत के संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने कहा है कि उसका पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल कल पहली जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है।

**********

अयोध्या स्थित डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में कल अग्निवीर योजना के तहत सातवें बैच के 835 अग्निवीर जवानों ने सफलतापूर्वक अपना सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर लिया। डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी जवान सेना में विभिन्न मोर्चों पर तैनात कर दिए जाएंगे।

***835 अग्निवीर जो है, वह पासिंग आउट होकर अपनी–अपनी यूनिटों में को ज्वाइन करेंगे। अब जाते के साथ ही अग्निवीर उनको वह जो अपना कार्य है, वह करना पड़ेगा और उसके लिए यहां पर हमने इन्हें ट्रेन करा है और मुझे विश्वास है कि अपना यह कार्य अच्छे ढंग से यह पूरा करें।***

**********

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जून महीने में बिजली बिल पर 10 फीसदी का अतिरिक्त फ्यूल एंड पावर परचेस एडजस्टमेंट सरचार्ज लागू करने का निर्णय किया है। अगले महीने उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल में 10 प्रतिशत अधिक भुगतान करना होगा।

**********

प्रदेश भर में आज उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में 72 जिलों में स्थापित एक हजार ग्यारह परीक्षा केन्द्रों पर कुल 4 लाख 44 हजार 958 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेगें। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। निगरानी के लिये एक हाईटेक कमांड कंट्रोल रूम बनाया गया है। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवा चलने और वर्षा होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मुरादाबाद, फर्रुखाबाद और अमरोहा में कल रात आंधी के साथ गरज चमक के बीच बारिश होने की खबर है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान जताया है। जबकि कई जगहों पर तेज हवा के साथ बिजली कड़कने की भी आशंका जताई गई है।

**********